# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. संसद का बजट सत्र आज से आरंभ होगा। कल, आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा।
2. 77वें गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने वाइपर द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।
3. द्वितीय कोस्टल साइक्लोथॉन 'वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन' आज से शुरू।
4. पर्यटन निदेशालय की ओर से स्कूबा डाइविंग की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए परामर्श जारी किया गया है।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र आज से आरंभ होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों – लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संबोधित करेंगी। कल, आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा जबकि केन्द्रीय बजट रविवार एक फरवरी को पेश होगा। बजट सत्र का पहला चरण आज से 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होगा। बजट सत्र के दौरान सदन की 30 बैठकें होंगी।

<><><><><><><>

77वां गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने वाइपर द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के दृष्टिकोण और केंद्रीय

गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन का हिस्सा है। अंडमान निकोबार प्रशासन पिछले कुछ वर्षों से एक विशेष अभियान चला रहा है। इसका लक्ष्य स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय अवसरों पर द्वीपसमूह के सभी 836 द्वीपों पर तिरंगा फहराना है। वाइपर द्वीप का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। सेल्युलर जेल के निर्माण से पहले, ब्रिटिश शासन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को कैद करने के लिए इसी द्वीप का उपयोग करता था। यह द्वीप उन शहीदों के अदम्य साहस और कठोर संघर्षों की याद दिलाता है जिन्होंने मातृभूमि के लिए अत्यंत कठिन परिस्थितियों में अपने प्राण न्यौछावर किए। वाइपर द्वीप का नाम 'वाइपर' नामक उस जहाज पर रखा गया था, जो 1789 में आर्चीबाल्ड ब्लेयर के अभियान के दौरान यहाँ दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। आज यह स्थान पर्यटन के साथ–साथ देशभक्ति का भी एक प्रमुख केंद्र है।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह दौरे पर आए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से 'लोक निवास' में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मेगा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही वर्तमान परियोजनाओं के बाद आने वाले अगले चरणों के प्रस्तावों और नई योजनाओं पर विचार–विमर्श भी किया गया। इससे पहले गृह राज्य मंत्री ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर वाइपर द्वीप पर तिरंगा फहराया। निर्जन द्वीपों पर ध्वजारोहण करना भारत की क्षेत्रीय अखंडता और समुद्री सीमा पर अपनी उपस्थिति को मजबूती से दर्शाने का एक प्रतीक है, जो द्वीप समूह के साथ भारत की सुरक्षा और विकास की दृष्टि से काफी अहमियत रखती है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने ननकौड़ी द्वीपसमूह के लोगों की समस्याओं की ओर उप–राज्यपाल का ध्याान आकर्षित किया है। उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि कमोर्टा से पिलो–पिलो मार्ग, ककाना रोड और चैम्पियन से तपांग का मुख्य मार्ग का हिस्सा बह जाने के कारण ये वाहनों की आवाजाही के लिए असुरक्षित हो गई हैं। इससे स्कूली बच्चों, दैनिक यात्रियों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में भारी बाधा आ रही है। साथ ही उन्होंने सुनामी आश्रय स्थलों की खराब हालत और सरकारी आवासों की भारी कमी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत, सुनामी आश्रयों का रखरखाव और अतिरिक्त सरकारी आवासीय क्वार्टरों का निर्माण करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ 'वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन 2026' नाम से द्वितीय कोस्टल साइक्लोथॉन आयोजित करेगा। यह साइकिल रैली आज से अगले महीने की 22 तारीख तक चलेगी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय आज नई दिल्ली से साइक्लोथॉन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इसे आयोजित किया जा रहा है।

<><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से स्कूबा डाइविंग की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए परामर्श जारी किया गया है। पर्यटन निदेशालय के संज्ञान में आया है कि कुछ पंजीकृत स्कूबा डाइविंग केंद्र, स्कूबा डाइविंग के लिए निर्धारित

सुरक्षा, पर्यवेक्षण और गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। गोताखोरों की सुरक्षा और नियमों के अनुपालन को ध्यान में रखते हुए, निदेशालय ने डाइव प्रोफेशनल्स द्वारा की जाने वाली डाइव की संख्या को नियंत्रित करने का निर्णय लिया है। सभी पंजीकृत स्कूबा डाइविंग केंद्रों और ऑपरेटरों को एक दिन में अधिकतम केवल चार डाइव आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। यदि कोई केंद्र इन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो निदेशालय उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उनका पंजीकरण रद्द भी कर सकती है। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने मनोरंजक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लिटिल अंडमान के आर.के. पुर डैम स्थल पर गैर–मोटर चालित जल–क्रीड़ा गतिविधियाँ शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तहत आने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट्स, गोवा के समन्वय से एक व्यापक जोखिम मूल्यांकन अध्ययन आयोजित किया गया था। अध्ययन के आधार पर निदेशालय ने कयाकिंग, स्टैंड–अप पैडल बोर्डिंग, पैडल बोट, रोइंग बोट, एक्वा ज़ोरबिंग जैसी जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने जा रहा है। इसके लिए

निदेशालय सुरक्षा मानदंडों और दिशा–निर्देशों के अनुसार आर.के. पुर डैम पर इन गतिविधियों को संचालित करने में रुचि रखने वाले सभी व्यक्तियों, फर्मों, एजेंसियों, उद्यमियों और पर्यटन हितधारकों से आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन वाटर–स्पोर्ट्स अनुभाग, सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों में देशभक्ति की भावना और जोश के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस सुर्खी के साथ **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** ने गणतंत्र दिवस के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है उप–राज्यपाल ने द्वीपों के समग्र और समयबद्ध विकास के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके अलावा अधिकांश अखबारों ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय द्वारा वाइपर द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में गणतंत्र दिवस मनाए जाने के समाचार को अधिकांश समाचार पत्रों में जगह मिली है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने शादीपुर जंक्शन में अग्नि दुर्घटना से प्रभावित परिवार को सामुदायिक सहायता देने के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाई है। **द इको ऑफ इंडिया** ने बम्बूफ्लाट जेट्टी में नए फेरी जेट्टी बनाए जाने को लेकर हुए प्रदर्शन के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है, जबकि **इंफो इंडिया** ने इग्नू द्वारा आयोजित मूल्यांकन हेतु संस्थानों को सशक्त बनाना विषय पर विशेष वार्ता को अपने अखबार में प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><><>